Anant Gyan

# पंडित नेहरू का विजन व योगदान जानेगा बच्चा-बच्चा : राजेश शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के विचारों और स्वतंत्रता संग्राम और भारत के विकास में दिए गए योगदान को प्रदेश से हर बच्चे तक पहुंचाया जाएगा। यह बात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिंक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ राजेश शर्मा कही । उन्होंने कहा है कि वह कांग्रेस की विचारधारा को शिक्षा के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाना चाहते हैं। इस दौरान उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूमिका और उनके विचारों को खासतौर पर बच्चों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. राजेश ने कहा कि नेहरू की विचारधारा न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम का अहम हिस्सा रही, बल्कि आजादी के बाद भी देश के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। डॉ राजेश शर्मा ने कहा कि पंडित नेहरू एक ऐसी शख्सियत थे जिनकी सोच और विचारधारा ने न केवल देश की दिशा तय की, बल्कि हमें आजाद भारत में अपनी आवाज उठाने का अवसर भी दिया। आज के दौर में उनके विचारों को जानना और समझना बच्चों के लिए बेहद ज़रूरी है। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पंडित नेहरू पर आधारित किताब द विजनरी का प्रकाशन किया है, जिसे बाल दिवस के मौके पर लॉंच किया गया था। शिक्षा बोर्ड द्वारा द विजनरी किताब को हर स्कूली छात्र तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि पंडित नेहरू की विचारधारा का प्रभाव अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचे।

## कांग्रेस की विचारधारा को शिक्षा के माध्यम से फैलाने का संकल्प

राजेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते और अब शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर मेरा दायित्व है कि कांग्रेस की विचारधारा को शिक्षा के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाया जाए। डॉ राजेश ने यह भी बताया कि इस किताब के माध्यम से उनका उद्देश्य बच्चों को नेहरू के विजन और उनके योगदान से अवगत कराना है, ताकि वे आने वाले समय में एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक के रूप में समाज में योगदान दे सकें।

Scanned by Scanner Go

Dainik Jagaran

# पंडित नेहरू का योगदान जानेगा हर विद्यार्थी : डा. राजेश शर्मा



युवाओं के साथ हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा • जागरण

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के विचारों, स्वतंत्रता संग्राम और भारत के विकास में दिए गए योगदान को प्रदेश के हर विद्यार्थी तक पहुंचाया जाएगा। यह बात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा ने धर्मशाला बोर्ड कार्यालय में युवाओं के साथ बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा को शिक्षा के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाना चाहते हैं। नेहरू की विचारधारा न केवल स्वतंत्रता संग्राम का अहम हिस्सा रही, बल्कि आजादी के बाद भी देश के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। पंडित नेहरू एक ऐसी शख्सियत थे जिनकी सोच और विचारधारा ने न केवल देश की दिशा तय की, बल्कि आजाद भारत में आवाज उठाने का अवसर भी दिया। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पंडित नेहरू पर आधारित किताब 'द विजनरी' का प्रकाशन किया है, जिसे बाल दिवस के मौके पर लांच किया गया था। किताब को हर स्कूली छात्र तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते और अब शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर उनका दायित्व है कि कांग्रेस की विचारधारा को शिक्षा के माध्यम सें बच्चों तक पहुंचाया जाए। इस किताब के माध्यम से उनका उद्देश्य बच्चों को नेहरू के विजन और उनके योगदान से अवगत कराना है।

Scanned by Scanner Go

Amar Ujala

# पंडित नेहरू का विजन और योगदान जानेगा बच्चा-बच्चा : डॉ. राजेश



प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु पर आधारित द विजनरी पुस्तक की प्रति युवाओं को वितरित करते शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा। स्रोत: जागरूक पाठक

## कहा, भारत के पहले प्रधानमंत्री पर आधारित पुस्तक युवा पीढ़ी को दिखाएगी नई राह

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के विचारों, स्वतंत्रता संग्राम और भारत के विकास में दिए गए योगदान को प्रदेश के हर बच्चे तक पहुंचाया जाएगा। यह बात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा कही।

उन्होंने कहा है कि वे कांग्रेस की विचारधारा को शिक्षा के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाना चाहते हैं। इस दौरान उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूमिका और उनके विचारों को खासतौर पर बच्चों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. राजेश ने कहा कि नेहरू की विचारधारा न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम का अहम हिस्सा रही, बल्कि आजादी के बाद भी देश के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू एक ऐसी शख्सियत थे जिनकी सोच और विचारधारा ने न केवल देश की दिशा तय की, बल्कि हमें आजाद भारत में अपनी आवाज उठाने का अवसर भी दिया।


आज के दौर में उनके विचारों को जानना और समझना बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पंडित नेहरू पर आधारित किताब द विजनरी का प्रकाशन किया है, जिसे बाल दिवस के मौके पर लांच किया गया था।

Scanned by Scanner Go

डा. राजेश शर्मा बोले, कांग्रेस की विचारधारा शिक्षा के माध्यम से छात्रों में फैलाएंगे

# शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष के बयान ने छेड़ी नई बहस

दिव्य हिमाचल ब्यूरो – धर्मशाला



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने पंडित नेहरू पर शिक्षा बोर्ड से किताब जारी करने के बाद एक विवादित बयान देकर नई बहस छेड़ दी है। बोर्ड अध्यक्ष ने इस किताब के वितरण के दौरान कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा को शिक्षा के माध्यम से पूरे हिमाचल में फैलाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते और अब शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर मेरा दायित्व है कि कांग्रेस की विचारधारा को शिक्षा के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाया जाए। डा. राजेश ने बताया कि इस किताब के माध्यम से उनका उद्देश्य बच्चों को नेहरू के विजन और उनके योगदान से अवगत कराना है, जिससे वे आने वाले समय में एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक के रूप में समाज में योगदान दे सकें। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का लोगो लगी इस किताब में बोर्ड अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकाअर्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी बेणुगोपाल, कांगेस नेता अजय माकन, हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के संदेश छपवाए हैं।

## पंडित नेहरू पर किसका चलेगा नैरेटिव

पंडित नेहरू पर आधारित किताब द विजनरी का प्रकाशन और इसके माध्यम से कांग्रेस की विचारधारा को छात्रों तक पहुंचाना चर्चा बन गया हैं। देश में बीजेपी और इनके केंद्रीय नेता गाहे बगाहे कई मसलों पर पंडित नेहरू की नीतियों पर सवाल उठाते हुए अपना नैरेटिव सैट करने की कोशिश करते हैं, वहीं हिमाचल में स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा ने इससे परे नेहरू के विजन को लेकर एक नया नैरेटिव सैट करने का अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने खुला ऐलान भी कर दिया है।

Scanned by Scanner Go

# पंडित नेहरू के विजन और योगदान से रू-ब-रू होगा हर बच्चा : डा. राजेश



धर्मशाला : डा. राजेश शर्मा युवाओं को पंडित नेहरू की किताबें देते हुए। (ब्यूरो)

धर्मशाला, 21 नवम्बर (ब्यूरो): भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के विचारों और स्वतंत्रता संग्राम और भारत के विकास में दिए गए योगदान को प्रदेश में हर बच्चे तक पहुंचाया जाएगा। यह बात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा है कि वह कांग्रेस की विचारधारा को शिक्षा के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाना चाहते हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूमिका और उनके विचारों को खासतौर पर बच्चों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पंडित नेहरू पर आधारित किताब द विजनरी का प्रकाशन किया है, जिसे बाल दिवस के मौके पर लॉन्च किया गया था। शिक्षा बोर्ड द्वारा द विजनरी किताब को हर स्कूली छात्र तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## देश के विकास में नेहरू का योगदान अतुलनीय

डा. राजेश ने कहा कि नेहरू की विचारधारा न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम का अहम हिस्सा रही, बल्कि आजादी के बाद भी देश के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि नेहरू एक ऐसी शख्सियत थे, जिनकी सोच और विचारधारा ने न केवल देश की दिशा तय की, बल्कि हमें आजाद भारत में अपनी आवाज उठाने का अवसर भी दिया। आज के दौर में उनके विचारों को जानना और समझना बच्चों के लिए बेहद जरूरी है।

Scanned by Scanner Go

**हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला (कांगड़ा) – 176215**

**H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA -176215**

क्रमांकः हि.शि.बो.(7)/भण्डार-I/2025-1894 दिनांकः 20 नवंबर 2025

# "निवदा सूचना"

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाा द्वारा एस.ओ.एस. मॉडयुल और पाठ्य पुस्तकों का डेड स्टॉक व पुरानी रिक्त उत्तरपुस्तिकाएं (Obsolete SOS Module, Dead Stock of Text Book & Old Blank Answer Sheets) 'जहां है व जिस हालत में है' के आधार पर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सभी पुस्तक वितरण एवं मार्गदर्शन केन्द्रों से मुक्त निविदाओं के माध्यम से चयनित ठेकेदार के माध्यम से विक्रय किया जाना है, जिसके लिए निविदाएं दोहरी निविदा प्रणाली के अंतर्गत आमंत्रित की जा रही हैं।

निविदादाता अपनी निविदाएं डाक या दस्ती तौर पर जो कि बोर्ड कार्यालय में दिनांक 10.12.2025 को दोपहर 01:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। तकनीकी निविदा उसी दिन सायं 02:00 बजे खोली जाएंगी।

निविदादाता निविदा दस्तावेज बोर्ड की वेबसाइट https://hpbose.org पर देख व डाउनलोड कर सकते हैं।

सचिव

Scanned by Scanner Go

# Himachal Pradesh Board Of School Education Dharamshala- 176215

UPBOSE-G007/32/246242-2024-CONDUCT-1-3247 Dated 21.11.2025

## Tender For Hiring Labour Services

## निविदा सूचना

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा बोर्ड कार्यालय में परीक्षा से सम्बन्धित सामग्री एवं अन्य सामान को वाहनों से उतारने, चढ़ानेए एक भवन/मंजिल/हॉल से दूसरे भवन/मंजिल/हॉल में ले जाने व लाने और इस सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने की मजदूरी का ठेका करने हेतु दोहरी निविदा प्रणाली के अंतर्गत दिनांक 21.11.2025 से निविदाएं आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 12.12.2025 को दोपहर 1 बजे तक या उससे पहले बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं तथा तकनीकी निविदा उसी दिन 3 बजे निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। इच्छुक निविदादाता निविदा दस्तावेज बोर्ड की वैबसाइट www.hpbose.org पर देख व डाऊनलोड कर सकते हैं।

सचिव

Scanned by Scanner Go

# Himachal Pradesh Board of School Education

## Dharamshala-176215

HPBOSE-G007/32/246242-2024-CONDUCT-I-3247 Dated : 21.11.2025

## Tender For Hiring Labour Services

## "निविदा सूचना"

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा बोर्ड कार्यालय में परीक्षा से संबंधित सामग्री एवं अन्य सामान को वाहनों से उतारने, चढ़ाने, एक भवन/मंजिल/हाल से दूसरे भवन/मंजिल/हाल में ले जाने व लाने और इस सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने, ले जाने की मजदूरी का ठेका करने हेतु दोहरी निविदा प्रणाली के अंतर्गत दिनांक **21.11.2025** से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो कि दिनांक **12.12.2025** को दोपहर 1 बजे तक या उससे पहले बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं तथा तकनीकी निविदा उसी दिन 3 बजे निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। इच्छुक निविदादाता निविदा दस्तावेज बोर्ड की वेबसाइट **www.hpbose.org** पर देख व डाउनलोड कर सकते हैं।

सचिव।

DI-20764

Scanned by Scanner Go